# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 21 आषाढ़, 1941 (श०) / 12 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 147

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 23 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 91 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 17 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग -- | 147 |

समिति का गठन करना

*991. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य मुकदमा नीति, 2011 की धारा 4(क) में निहित प्रावधानानुसार राज्य, जिला, अनुमंडल एवं विभागीय स्तरों पर शिकायत निवारा समिति का गठन किया जाना था, जिसे अबतक लागू नहीं किये जा सकने के कारण कर्मचारियों की शिकायतों का ससमय निष्पादन नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शिकायत निवारण समिति का गठन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्वासित करना

*992. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के प्रखंड रामनगर के ग्राम पंचायत अवरहिया के अनुसूचित जनजाति के 54 घर कटाव के कारण नदी में विलीन हो गये है, जिसके कारण पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे अपना जीवन यापन कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण के प्रतिवेदनानुसार रामनगर अंचल अन्तर्गत ग्राम पंचायत बगही के अवरहिया ग्राम के अनुसूचित जनजाति के 72 (बहत्तर) परिवारों का आवासीय मकान कटाव के कारण नदी में विलीन हो गये हैं । कटाव पीड़ित परिवारों को गृह स्थल योजना अन्तर्गत वर्ष 2018-19 में राजस्व ग्राम-बनवारी, थाना सं0-534, खाता-14, खेसरा-72, रकबा-3.60 (तीन एकड़ साठ) डी0 भूमि आवंटित किया गया था, परंतु ये लोग वहाँ आवासीय मकान बनाकर नहीं रहना चाहते हैं । पुन: उनलोगों के पुनर्वास हेतु उसी पंचायत में दूसरे जगह सुयोग्य भूमि तलाश की जा रही है । एक माह के अन्दर कटाव पीड़ित परिवारों को गृह निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दिया जायेगा । वर्तमान में ये लोग वन विभाग की भूमि पर रहते हैं ।

---------

डॉक्टर एवं नर्स की बहाली करना

*993. सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड के सालिपुर पंचायत में बना उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी डॉक्टर एवं नर्स नहीं है, जिससे ग्रामीण जनता को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन को मरम्मत कर डॉक्टर एवं नर्स की बहाली करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराना

*994. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन थाना के मोजाबाड़ी पुल पर दिनांक 30 अगस्त, 2017 को सामूहिक सड़क दुर्घटना में कुन्दन कुमार, पिता-शिव लाल यादव की मृत्यु हो गई थी एवं मिथुन कुमार जख्मी हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी मृतक के आश्रित को अभीतक अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है जबकि शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*995. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के इदयचक में राजकीय यूनानी औषधालय भवनविहीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त औषधालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*996. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड के मनौली गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, जिसका भवन एवं स्वास्थ्य कर्मियों के आवासीय भवन की स्थिति काफी जर्जर है तथा चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण सिमरा, नेहालपुर, मनियारी एवं जलवार पंचायत के लोग चिकित्सीय लाभ से वंचित रह जाते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल भवन को सुदृढ़ कर चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*997. श्री शम्भु नाथ यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड के ग्राम-तिलक राय के हाता के चितरंजन यादव, पिता-श्रीकांत यादव को घर आते समय पानी के टेम्पू से धक्का लगने के बाद प्रा0 स्वा0 केन्द्र, सिमरी एवं सदर अस्पताल, बक्सर लाया गया तत्पश्चात् पी0 एम0 सी0 एच0 रेफर किया गया था, जहाँ दिनांक 19 अप्रील, 2019 को चितरंजन यादव की मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के पिता द्वारा दिनांक 22 मई, 2019 को अंचल पदाधिकारी, सेमरी के पास 4 लाख की सहायता राशि की माँग की गई थी परन्तु अभीतक सहायता राशि प्रदान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के परिवार को सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर सब-स्टेशन बनाना

*998. श्री फैजल रहमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के भंडार पंचायत की दूरी प्रखंड मुख्यालय से 15 किलो मीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भंडार में बिजली की समस्या हमेशा बनी रहती है जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भंडार में पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कारगर कदम उठाना

*999. श्री आलोक कुमार मेहता--स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 4 सितम्बर, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''सुपोषण का अथक प्रयास हो'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट में बिहार में 47.3 फीसदी बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और कुपोषण में बिहार तीसरे नम्बर पर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कुपोषित बच्चों का सुपोषित करते हेतु आवश्यक कारगर कदम उठाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों का पदस्थापन करना

*1000. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत उदाकिशुनगंज में अनुमंडलीय अस्पताल वर्षों से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसमें डॉक्टरों/चिकित्सकों एवं टेक्निशियनों का पदस्थापन नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में कबतक समुचित संख्या में चिकित्सकों, टेकिनशियनों एवं कर्मियों को पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल घोषित करना

*1001. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखण्ड के धमौन उत्तरी पंचायत में ''बाबा निरंजन स्थान'' के ऐतिहासिक मंदिर के दर्शन हेतु प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं एवं पूजा-अर्चना करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं करने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करते हुए श्रद्धालुओं हेतु मूलभूत सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली उपलब्ध कराना

*1002. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के अधौरा प्रखण्ड के पहाड़ी पर बसे 103 गाँव एवं रोहतास जिला स्थित रोहतास प्रखण्ड के रोहतासगढ़ एवं पिपरडीह पंचायत के 70 गाँवों में बिजली की सुविधा नहीं रहने के कारण सरकार सोलर प्लेट से बिजली दे रही है, जो अस्थाई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पहाड़ पर बसे गाँवों में स्थाई तौर पर दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण के अन्तर्गत बिजली देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य कराना

*1003. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमण्डल में अनुमण्डलीय स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की स्वीकृति 2016-17 में दी गई है, उक्त अनुमण्डलीय स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण जमीन के अभाव के कारण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुमण्डलीय स्वास्थ्य केन्द्र अनुमंडल मुख्यालय के निकट भूमि अधिग्रहण करते हुए कबतक निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वा0 उप-केन्द्र का निर्माण

*1004. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखण्ड के ग्राम-बलखोरा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए लगभग 5 कि0 मी0 दूरी तय करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आमस प्रखण्ड के ग्राम-बड़की चिलमी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तार हटाना

*1005. श्री आनन्द शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के न्यू एतवारपुर मोहल्ला के गाँधी कॉपरेटिव पथ में 33,000 वोल्ट का अकार्यशील विद्युत् तार टूटकर बिखरा रहने से मोहल्लावासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा अनजान राहगीरों में भय का माहौल व्याप्त रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ से तार हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुग्रह अनुदान राशि देना

*1006. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला सहित राज्य में सड़क दुर्घटना, नदी, तालाब, आहर में डूबने, आगजनी एवं लू से मरने वालों के आश्रितों को 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सहदेई बुजुर्ग प्रखण्ड के वाजितपुर ग्राम के गरीबन कुमार, पिता-मुनीलाल चौधरी एवं राजकुमार, पिता-राजेश्वर चौधरी की मृत्यु उक्त ग्राम में स्थित पोखर में दिनांक 2 अक्टूबर, 2018 को डूबने से हो गयी है परन्तु अभीतक मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सामुदायिक स्वा0 केन्द्र का निर्माण

*1007. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला अन्तर्गत माँझी प्रखण्ड के शीतलपुर एवं बरेजा पंचायत की आबादी लगभग चार हजार की है जहाँ स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण की व्यवस्था आजतक नहीं है, वहाँ के गरीब ग्रामीणों को सात से आठ किलो मीटर स्वास्थ्य केन्द्र पर दाऊदपुर जाना पड़ता है, जिससे गम्भीर मरीज की जान जाने का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शीतलपुर पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल घोषित करना

*1008. डॉ० (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा शहर शाहाबाद का पुराना शहर है, जहाँ वीर कुँवर सिंह पार्क अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आरा के स्वतंत्रता सेनानी रामकृत यादव, भोला मेहत्तर, कैलाश आदि हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन लोगों की आदमकद मूर्ति वीर कुँवर सिंह पार्क में लगाकर पर्यटन स्थल घोषित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

औषधालय को यथास्थान रहने देना

*1009. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक 137/19, दिनांक 27 जून, 2019 के माध्यम से सुलतानगंज प्रखंड में वर्षों से कार्यरत राजकीय औषधालय, बैकुंठपुर (बैकटपुर) एवं तिलकपुर को क्रमशः सन्हौला एवं नौगछिया ले जाने का आदेश जारी किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त औषधालयों के माध्यम से हजारों गरीब एवं अभावग्रस्त महिला, पुरुष रोगी लाभान्वित होते रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरीबों के व्यापक हित में उपर्युक्त आदेश को तत्काल रद्द करने एवं औषधालय को यथास्थान बने रहने देने का आदेश देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1010. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड अतरी, खिजरसराय, नीमचक बथानी तथा मोहड़ा इन चारों प्रखंडों में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में चापाकल गाड़ने की सूची की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चापाकलों की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद भी अभीतक दो तिहाई चापाकल नहीं गाड़ा गया है जबकि पेयजल के घोर संकट के कारण ग्रामीण जनता तड़प रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जो चापाकल गाड़ा गया है प्राक्कलन के विरुद्ध घटिया किस्म का पाइप एवं कम गहराई में लगा दिया गया है जिससे अधिकांश चापाकल नहीं चल रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँचकर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वा० उप-केन्द्र में उत्क्रमित करना

*1011. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड सकरा के कटेसर पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र में अत्यधिक मरीज आने से मरीजों का इलाज ससमय नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् पोल एवं तार की मरम्मत कराना

*1012. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी एवं जयनगर प्रखंड के वीरपुर, मढ़िया, नरकटिया आदि कई ग्रामों में बांस-बल्ला के सहारे बिजली के तार लगे हैं तथा पोल काफी दूर-दूर पर गाड़े गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बांस-बल्ले पर बिजली के तार लगे होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में सर्वे कार्य एवं जाँच कराकर विद्युत् पोल एवं मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1013. श्री सत्य नारायण सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के अकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, करकटपुर, अकोढ़ीगोला के लिये जमीन उपलब्ध है, परंतु भवन का निर्माण नहीं होने के कारण एक तरफ जहाँ चिकित्सा कार्य बाधित होता है, वहीं बहुमूल्य चिकित्सीय उपकरण बाहर रखे जाते हैं, जिससे वे खराब होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करकटपुर, अकोढ़ीगोला के लिये भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल-तार लगाना

*1014. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया प्रखंड के नगर परिषद् वार्ड नं० 05 में (i) किशोर श्रीवास्तव के घर से चन्द्रशेखर पासवान के घर तक (ii) इदयपुर पश्चिम टोला में एवं नगर परिषद्, वार्ड नं० 18 जहाँगीर बस्ती में कमरूद्दीन के घर से आबिद हुसैन अंसारी के घर तक बिजली का पोल एवं तार नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा जनता से हर घर बिजली पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थानों पर बिजली का पोल एवं तार लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अति० स्वा० केन्द्र में उत्क्रमित करना

*1015. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र चटांगी है, इस स्वास्थ्य केन्द्र के नाम पर एक एकड़ भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर 55 हजार की आबादी का भार एवं 10 कि० मी० के दायरे में कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, साथ ही उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने हेतु उक्त सभी अर्हताएँ मौजूद हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वा० उप-केन्द्र का निर्माण पूर्ण कराना

*1016. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड का स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण अपूर्ण है, जिससे ग्रामीणों को इलाज कराने दूरस्थ इलाकों में जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण पूर्ण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र बनाना

*1017. श्री वीरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अख्तियारपुर, चन्दौली के 8 कि० मी० की परिधि में कोई सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिससे गरीब, दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा को इलाज करवाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तार बदलना

*1018. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के पुनपुर फीडर को ग्राम-पैथू एवं बैरिया पंचायत का जर्जर तार होने के कारण बार-बार विद्युत् आपूर्ति बाधित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुनपुन फीडर का जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्य पूर्ण कराना

*1019. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर नगर पंचायत का चयन आई० पी०डी० एस० योजना अन्तर्गत जर्जर तार, पोल एवं ट्रांसफॉर्मर बदलने हेतु किया गया है, जो L&T कंपनी द्वारा कार्य कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि L&T कंपनी द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कराया जा रहा है, साथ ही कई वार्डों में विद्युतीकरण कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत में गुणवत्तापूर्ण ससमय कार्य पूर्ण कराने विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल का निर्माण

*1020. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दीघा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकटा दियारा एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग निवास करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतनी घनी आबादी वाले क्षेत्र में आम लोगों के इलाज के लिये कोई भी यहाँ बड़ा अस्पताल नही है जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पंचायत नकटा दियारा में लगभग 10 एकड़ गैर-मजरूआ बंजर (बिहार सरकार) की जमीन खाली पड़ी है, जिसका खाता सं० 3267 एवं प्लॉट नं० 3628 है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंजर खाली पड़ी जमीन पर अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ब्लड बैंक चालू कराना

*1021. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सदर अस्पताल, मोतिहारी में ब्लड बैंक नहीं होने से गरीब मरीजों को ब्लड की सुविधा उपलब्ध होने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में ब्लड बैंक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1022. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखण्ड के पंचायत नरगदा ग्राम-नुरपुर के अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के ऊपरी तल को पदाधिकारियों के मिलीभगत से अवैध रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय के भवन का निर्माण करा दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जाँच कराते हुये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल खोलना

*1023. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सिविल अस्पताल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सिविल अस्पताल खोलने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली पहुँचाना

*1024. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर एवं एकंगरसराय प्रखंड में कृषि कार्य हेतु सभी किसानों तक बिजली पहुँचाने का कार्य विगत दो वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुआ था, लेकिन कार्य काफी धीमी गति से होने के कारण अबतक मात्र पचास फीसदी किसानों तक बिजली पहुँच सका है, यदि हाँ, तो सरकार सभी किसानों तक कबतक बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*1025. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी सदर अस्पताल को 500 बेड का अस्पताल बनाये जाने की घोषणा सरकार द्वारा पाँच वर्ष पूर्व की गयी थी जिसे बाद में संशोधित करते हुये 350 बेड की स्वीकृति दी गयी, परन्तु अभीतक प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण धन राशि आवंटित नहीं हो पायी है जिसके कारण मधुबनी जैसे पिछड़े जिला के गरीबों को सरकारी अस्पताल में इलाज की समुचित सुविधा मिल पाने में अत्यंत कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मधुबनी सदर अस्पताल को 350 बेड का किये जाने के प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*1026. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लू से मरनेवाले लोगों के परिवार को 4 लाख रुपये का मुआवजा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर दिया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा, गया, औरंगाबाद, पटना आदि जिलों में लू से मौत होने के बावजूद लोगों द्वारा बिना पोस्टमार्टम के जागरूकता के अभाव एवं शोक के आघात से 100 से अधिक मृतकों का संस्कार कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लू से हुई मौत के मुआवजा के लिये पोस्टमार्टम की रखी गयी शर्त को समाप्त कर उक्त जिलों से पीड़ित परिवारों को चिन्हित कर मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

*1027. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत बंशी प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना एवं भवन का निर्माण जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद अभीतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

पोल-तार बदलना

*1028. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर के प्राणवती लेन नीलकंठ नगर सक्कुलाचक एवं शैलबाग कॉलोनी इत्यादि मुहल्ले के उपभोक्ता को विद्युत् की आपूर्ति जर्जर लकड़ी के पोल एवं तार से हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पोल एवं जर्जर तार को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1029. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलसण्ड के लिये पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद अपना भवन नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटक रोड मैप में शामिल करना

*1030. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के रमै पंचायत में अवस्थित माँ भद्रकाली मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में भक्त एवं पर्यटक सीमांचल के साथ-साथ नेपाल से भी आते हैं, परंतु भक्त एवं पर्यटक के लिये मंदिर के आसपास सुविधा का अभाव है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिये एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये माँ भद्रकाली मंदिर को पर्यटक रोड मैप में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रेफरल अस्पताल बनाना

*1031. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा जिला के अगियाँव प्रखण्ड अन्तर्गत किरकिरी गाँव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण ग्रामीण जनता को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में रोड से पूरब 12 बीघा सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी भूमि पर रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

महिला चिकित्सक की नियुक्ति

*1032. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में 14 पी० एच० सी० है और प्रत्येक में एक-एक स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद है जो वर्तमान में रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार महिलाओं के हित में जिले के सभी पी० एच० सी० में महिला चिकित्सक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वा० उप-केन्द्र का निर्माण

*1033. श्री अशोक कुमार सिंह क्षेत्र सं० (132)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखण्ड के भटौरी ग्राम एवं वारिसनगर के सतमलपुर ग्राम में प्रस्तावित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के लिये जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन दोनों ग्रामों में स्वास्थ्य उप-केन्द्र हेतु भवन निर्माण कराकर स्थानीय मरीजों के उपचार हेतु ठोस व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक का पदस्थापन

*1034. श्री सुबेदार दास--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुर्था स्थित ग्राम+पंचायत-पिंजरावा में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में विगत तीन वर्षों से चिकित्सक का पदस्थापन नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित प्राथमिक स्वावस्थ्य केन्द्र में चिकित्सक का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1035. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहादुरगंज में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबन्धक के पद पर श्री अजय कुमार साह की नियुक्ति की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के पत्रांक 2690, दिनांक 13 फरवरी, 2007 (नियमावली) के आधार पर उक्त पद पर बहाली मैट्रिक, इन्टर, स्नातक, MBA एवं साक्षात्कार के प्राप्तांक के अनुसार होनी थी, परन्तु श्री अजय कुमार साह की बहाली सिर्फ MBA एवं साक्षात्कार के प्राप्तांक के आधार पर कर दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*1036. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि टिकारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कोच प्रखण्ड के डिबरी ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का संचालन किराये के मकान में एक कमरे में वर्षों से हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण हेतु 13 कट्ठा जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँव में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

एक्स-रे मशीन चालू कराना

*1037. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक्स-रे मशीन विगत 2 वर्षों से खराब होने के कारण बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पी0 एच0 सी0 में एक्स-रे कराने आने वाले मरीजों को दलाल द्वारा प्राईवेट एक्स-रे में ले जाया जाता है जहाँ इनसे मनमाना राशि वसूला जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पी0 एच0 सी0 के एक्स-रे मशीन को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

हिट स्ट्रोक वार्ड की स्थापना करना

*1038. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसी भी अस्पताल में हिट स्ट्रोक वार्ड नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि 1 जून से अचानक लू से लोगों की मौत होने के बाद भी राज्य में किसी स्वास्थ्य अस्पताल में हिट स्ट्रोक वार्ड की स्थापना नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य में अस्पतालों में हि८ स्ट्रोक वार्ड की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1039. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर एवं रेफरल अस्पताल, मधेपुर दोनों एक ही परिसर और एक ही भवन में चल रहा है जबकि रेफरल अस्पताल के लिए अलग जगह चिन्हित है;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल के लिए अलग से चिन्हित जगह पर रेफरल अस्पताल का भवन संवेदक द्वारा बनाया गया है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिस कारण भवन गिरने के भय से रेफरल अस्पताल को पी0 एच0 सी0 में ही चलाया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए कबतक मधेपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रेफरल अस्पताल को उनके निर्दिष्ट स्थान पर चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्वा0 केन्द्र को पूर्ण करना

*1040. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखण्ड के बेतरी पंचायत के ग्राम-कबार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कबार का भवन अपूर्ण एवं जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है,जिसके कारण डॉक्टर, नर्स तथा स्टॉफ कोई भी कर्मी स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं रहते हैं तथा दर्जनों गाँवों के मरीजों को सात कि0 मी0 की दूरी तयकर के सदर अस्पताल, भभुआ में जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को पूर्ण कराने एवं डॉक्टर, नर्स, स्टाफ को उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अस्पताल को चालू कराना

*1041. श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड के सुजानपुर गाँव में 2,77,880 रुपये की लागत से बनकर तैयार छह बेड का स्वास्थ्य उप-केन्द्र 24 जून, 2097 को उद्घाटन हुआ था, परंतु चिकित्सक, कम्पाउंडर, नर्स एवं कर्मचारी का पदस्थापन नहीं रहने के कारण 1997 से ही यहाँ चिकित्सा संबंधी कोई कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डॉक्टर, कम्पाउंडर, नर्स एवं कर्मचारी का पदस्थापन कर इसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बर्न यूनिट स्थापित करना

*1042. श्रीमती अमिता भूषण --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, बेगूसराय में बर्न युनिट नहीं होने के कारण आपातकालीन परिस्थितियों में जले मरीजों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, बेगूसराय में एक बर्न यूनिट स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्वास्थ्य कर्मियों को बहाल करना

*1043. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में 443 ए0 एन0 एम0, 156 जी0 एन0 एम0, 34 एल0 एम0 सी0, 4 नेत्र सहायक, 6 वी0 सी0 जी0, 22 अचिकित्सा सहायक, 24 परिधावक क्रमश: स्वीकृत पदों में से केवल 4 ए0 एन0 एम0, 60 जी0 एन0 एम0, शून्य (0) एल0 एम0 सी0, 2 नेत्र सहायक, शून्य (0) वी0 सी0 जी0, 3 अचिकित्सा सहायक, 5 परिधावक कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वीकृत पदों के अनुरूप उक्त स्वास्थ्य कर्मियों को बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल के रूप के विकसित करना

*1044. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी के मणिका हरिकेश में स्थित बाबा बनवारी नाथ मठ एवं छपरा मेघ स्थित बाबा दूध नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल विकसित करने की माँग विगत कई वर्षों से लगातार की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसका पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1045. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के ग्राम-छाजन हरिशंकर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के लिये पैसा आवंटन कर टेन्डर हो गया परन्तु आजतक भवन निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त भवन का निर्माण कार्य जल्द कराते हुये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण

*1046. श्रीमती संगीता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेमनगर पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन काफी जर्जर हो चुका है, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल को चालू कराना

*1047. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत छातापुर प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल विगत 20 वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को इलाज करवाने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर का विकास

*1048. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत सुभद्रा स्थान स्थित वर्षों पुराना मंदिर है, जहाँ प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मंदिर एवं परिसर का सौन्दर्यीकरण एवं धर्मशाला निर्माण के साथ-साथ मंदिर के विकास कार्य करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1049. श्री रतनेश सादा--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 21 मई, 2019 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''अप्रशिक्षित डॉक्टरों के भरोसे हैं मरीज'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत पतरघट प्रखंड के पतरघट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों के अभाव के कारण मरीज निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने के लिये मजबूर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी नर्सिंग होम के संचालक अप्रशिक्षित चिकित्सकों से मरीजों का इलाज कराते हैं जिससे आये दिन मरीजों की मृत्यु होती रहती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पतरघट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दलालों द्वारा मरीजों को बरगला कर निजी नर्सिंग होम में उपचार कराने के लिये जाने को मजबूर किया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पतरघट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं निजी नर्सिंग होम द्वारा बरती जा रही लापरवाहियों की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1050. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड खिजरसराय में वित्तीय वर्ष 2016-17 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत ग्राम-लड़किया के विद्यानन्द यादव के घर के पास एक चापाकल लगाने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई जो क्रमांक-155 पर अंकित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त स्थान पर अभीतक चापाकल नहीं गाड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच करवाकर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1051. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र सं0-203)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के चहरियाँ, धनेछा तथा नुआँव प्रखंड के दुमदुमा अतिरिक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र को सरकार ने वेलनेस सेन्टर में परिवर्तित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वा0 केन्द्र पर आजतक आपातकालीन सेवा, एम्बुलेंस सेवा बहाल नहीं हुआ है तथा भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वेलनेस सेन्टर में आपातकालीन सेवा एवं एम्बुलेंस सेवा एवं भवन निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराना

*1052. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के अनुमंडलस्तरीय अस्पताल उदाकिशुनगंज में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लोगों को पोस्टमार्टम हेतु 50-60 किलो मीटर की दूरी तय कर मधेपुरा जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुमंडल अस्पताल, उदाकिशुनगंज में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा0 उप-केन्द्र की स्थापना

*1053. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-संझौली, ग्राम-मोकरी अवस्थित है, स्वास्थ्य सुविधा हेतु यहाँ के क्षेत्रीय लोगों को 10 से 12 कि0 मी0 दूरी तय कर विक्रमगंज, नटवार, नोखा जाना पड़ता है, जिससे आपात स्थिति में ग्रामीण जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मोकरी ग्राम में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपकरण लगाना

*1054. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी0एम0सी0एच0, दरभंगा में महिलाओं के कैंसर जाँच के लिए मेमोग्राफी मशीन एवं डिजिटल एक्स-रे पिछले 4 वर्षों से खराब रहने के कारण मरीज इन सुविधाओं से वंचित है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित उपकरण लगाकर पीड़ित मरीजों को सुविधा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा0 उप-केन्द्र बनाना

*1055. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के लहगरिया पंचायत के मानमन गाँव में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु दान स्वरूप प्राप्त जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लहगरिया पंचायत की 5000 की आबादी को दो रेलवे गुमटी पार कर 10 किलोमीटर का रास्ता तय कर स्वास्थ्य सेवा हेतु बारसोई अनुमण्डल अस्पताल आना-जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लहगरिया पंचायत के मानमन गाँव में उपलब्ध जमीन पर सम्पूर्ण सुविधायुक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*1056. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में जर्जर तारों को बदलने हेतु सरकार ने लेजर कम्पनी से 3 वर्षों के अन्दर कार्य को सम्पन्न कराने हेतु पिछले वर्ष अगस्त, 2018 में एकारारनामा किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुरसंड विधान सभा क्षेत्र में जर्जर तारों को बदलने का कार्य धीमी गति से होने के चलते उक्त कम्पनी ने मात्र 15 प्रतिशत ही कार्य किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कम्पनी से एकरारनामा के अनुसार समय-सीमा के अन्दर कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच की दर कम करना

*1057. श्री आलोक कुमार मेहता--स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 28 अगस्त, 2018 को प्रकाशित शीर्षक "आई0 जी0 आई0 एम0 एस0, पटना में पैथोलॉजी जाँच में एम्स (AIIMS) से दुगुनी महंगी" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आई0 जी0 आई0 एम0 एस0, पटना में पैथोलॉजी जाँच में एम्स (AIIMS) पटना से दोगुनी राशि वसूल कर रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आई0 जी0 आई0 एम0 एस0 में एक ही किस्म की जाँच के लिए ओ0 पी0 डी0 और इमरजेंसी में रेट अलग-अलग है ;

(3) क्या यह बात सही है कि आई0 जी0 आई0 एम0 एस0 के ओ0 पी0 डी0 में मरीजों की पैथोलॉजी जाँच अस्पताल के स्तर से होती है इससे मरीजों को कम पैसे लगते हैं जबकि इमरजेंसी जाँच निजी एजेंसी के हवाले है इसलिए जाँच दर में डेढ़ गुणा तक अंतर है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में पैथोलॉजी जाँच की दर कम करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1058. श्री (डॉ0) अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल चन्द्रायण में चिकित्सकों के पदस्थापन नहीं होने के कारण अस्पताल बंद पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर का स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों का पदस्थापन करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1059. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कालाबलुआ के वार्ड नम्बर 8 में 6 माह से बिजली का पोल लगा हुआ है किन्तु तार एवं ट्रांसफॉर्मर के अभाव में उक्त वार्ड के लोग बिजली की सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्ड में विद्युतीकरण का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि का भुगतान

*1060. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिनांक 10 जून, 2019 को अंचानक आयी आँधी-तूफान में टेम्पू उलट जाने के कारण शिवधारी गोंड, ग्राम-मखदुमगंज, प्रखण्ड-माँझी, थाना-माँझी की मृत्यु हो गयी, जिसका यू0 डी0 केस नं0-7/2019 माँझी थाने में दर्ज हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसी घटना में मृतक के पुत्र बहादुर गोंड बुरी तरह घायल हो गये हैं, जिनका इलाज माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राकृतिक आपदा से पीड़ित उक्त परिवार को प्रावधानित चार लाख मुआवजा राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*1061. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-शिवसागर के फुलेन्द्र कुमार, पिता-श्री रामसूरत सिंह, ग्राम-बड़की खैरी का जून, 2018 में तड़ित चालक (आकाशी बिजली) से एवं सूर्यनाथ कुमार सिंह, पिता-श्री कृपा शंकर सिंह, ग्राम-सिलारी की दिनांक 21 मई, 2019 को सड़क दुर्घटना मे मृत्यु हो गयी थी परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक सरकार द्वारा मुआवजा की राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विशेषज्ञ एवं इ० सी० जी० मशीन उपलब्ध कराना

*1062. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा-मोहनिया एन० एच० 30 पर अवस्थित अनुमंडलीय अस्पताल, जदगीशपुर में अर्थोपैड्कि सर्जन (हड्डी रोग) विशेषज्ञ एवं इ० सी० जी० मशीन नहीं है, जिससे वहाँ के स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं इ० सी० जी० मशीन स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली उपलब्ध कराना

*1063. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अंतर्गत बाराचट्टी विधान सभा क्षेत्र में बिजली के तार जर्जर एवं पुराने ग्रीड पर ओवर लोड रहने से बिजली बाधित हो रही है जिससे आम जनता एवं किसानों को बिजली आपूर्ति में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जर्जर तारों को बदलने एवं एक नया ग्रीड निर्माण कराकर निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वा० उप-केन्द्र के भवन का निर्माण

*1064. श्रीमती मंगीता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के महिन्दवारा पंचायत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसके कारण चिकित्सकों एवं मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा इलाज हेतु मरीजों को 25 KM दूरी तय करके प्रखंड मुख्यालय PHC जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*1065. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के विस्टोरिया पंचायत के वार्ड नंबर 14, संथाली टोला (रघु मुरमुर टोला) के 100 घरों में विद्युतीकरण को कार्य शेष रह गया है, यदि हाँ, तो सरकार शेष बचे घरों में कबतक विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1066. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिहार एवं सोनवर्षा में महिला चिकित्सक का पद कई वर्षों से खाली है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त प्रा० स्वा० केन्द्र, परिहार एवं सोनवर्षा में महिला चिकित्सक के नहीं रहने से महिला मरीजों को नेपाल में जाकर इलाज कराना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, परिहार एवं सोनवर्षा में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त स्वा० केन्द्र स्थापित करना

*1067. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत कांटाकोश, अमीराबाद, मुस्लिम टोला बाबूपुर, बाबूपुर कोईरी टोला इत्यदि करीब 10 गाँव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिये 10-12 किलोमीटर, मनिहारी आना पड़ता है, कांटाकोश के पास श्री दीनानाथ गुप्ता जमीन देने के लिये तैयार है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि देना

'क'-*1068. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सोनपुर प्रखंड एवं नगर पंचायत के किसानों द्वारा वर्ष 2018 में 370 हेक्टेयर जमीन में हाईब्रीड मक्का की खेती की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि मक्का प्रभेदों में दाना नहीं निकलने के कारण किसानों को हुयी आर्थिक क्षति का सर्वे जिला कृषि पदाधिकारी, सारण के निर्देशोपरान्त प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सोनपुर द्वारा कृषि समन्वयन एवं कृषि सलाहकारों की मदद से कराये जाने के बावजूद अभीतक 1970 पीड़ित किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1069. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखंड अन्तर्गत भैरव स्थान एवं नमोनाथ दो बहुत ही पौराणिक शिव भगवान का मन्दिर है जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मन्दिरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल में गंदगी

*1070. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी० एम० सी० एच०, दरभंगा में आँउटसोर्सिंग द्वारा सफाई कार्य में पिछले 5 वर्षों से प्रतिवर्ष 2.38 करोड़ रुपये खर्च हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डी० एम० सी० एच०, दरभंगा साफ-सफाई में 2.38 करोड़ प्रतिवर्ष खर्च के बावजूद उक्त अस्पताल के अन्दर और बाहर गंदगी का अम्बार लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इतनी राशि खर्च करने के बावजूद अस्पताल में गंदगी रहने क्या औचित्य है ?

---

नोट--'क' आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कृषि विभाग में स्थानान्तरित ।

भवन का निर्माण

*1071. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखण्ड के रेफरल अस्पताल का भवन जर्जर होने के कारण कई बार मरीज दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1072. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के पंचायत बरीयाँवा के धाँगर बिगहा तथा पंचायत नसडीहा के ग्राम पउरा में तथा कुटुम्बा प्रखण्ड के ग्राम बर्मा तथा पंचायत तेलहारा के तेलहारा कोइरी बिगहा में ट्रांसफॉर्मर विगत एक वर्ष से जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों मे नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1073. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी कांटाकोश पंचायत स्थित गोगाबिल झील में प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय पक्षियों का आगमन होता है, और पर्यटन के लिये रमणीक स्थान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण पूर्ण कराना

*1074. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिजौलिया का भवन निर्माण वर्ष 2005-06 में भवन निर्माण प्रमंडल मधुबनी द्वारा सम-विकास योजना मद की राशि के द्वारा प्रारंभ किया गया था, परंतु आधा अधूरा निर्माण करके कार्य को छोड़ दिया गया है, परिणामस्वरूप आधा अधूरा वह भवन आवारा पशुओं का निवास बनकर रह गया है तथा योजना का उद्देशय समाप्त हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित भवन का निर्माण पूर्ण कर इसे अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में कार्यशील करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की पदस्थापना करना

*1075. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डॉ० विद्यानन्द सिंह (आँख, कान, नाक विशेषज्ञ) डॉ० धर्मेन्द्र कुमार (सर्जन), डॉ० कुमारी शभाषणी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) और डॉ० अमेन्द्र कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) गृह जिला बेगूसराय सदर अस्पताल, खगड़िया में पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चिकित्सकों का गृह जिला बेगूसराय में होने के कारण चिकित्सक सदर अस्पताल, खगड़िया में कम समय देते हैं और बेगूसराय स्थित अपने निजी नर्सिंग होम में ज्यादा समय और सेवा देते हैं, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चिकित्सक पर कार्रवाई करते हुये सदर अस्पताल, खगड़िया में सुचारू स्वास्थ्य व्यवस्था के लिये गृह जिला, बेगूसराय के चिकित्सक के बदल अन्यत्र जिला के चिकित्सक को सदर अस्पताल, खगड़िया में पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टांसफॉर्मर लगाना

*1076. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के बाँसघाट पंचायत के वार्ड नं० 4 एवं ठीकहाँ पंचायत के वार्ड नं० 5 एवं वार्ड नं० 2 में हमेशा लो वोल्टेज की समस्या एवं फेज उड़ने की समस्या होते रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बाँसघाट पंचायत के वार्ड नं० 14 एवं ठीकहाँ पंचायत के वार्ड नं० 5 में एक-एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*1077. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुष चिकित्सक के सहारे 24 घंटे चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में तीन एम०बी०बी०एस० चिकित्सक पदस्थापित है, जिसमें एक चिकित्सक श्री अविनाश कुमार दो वर्षों से छुट्टी पर है एवं दो चिकित्सक अपने निजी क्लीनिक के कारण स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रतिनियुक्त चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1078. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सुरसंड विधान सभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड सुरसंड, पुपरी एवं चोरौत प्रखंड के सभी गाँव में पूर्व से 100 K.V.A. का ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी प्रखंड के गाँव में विद्युत् आपूर्ति के कारण जनता में अपने-अपने घरों में कनेक्शन लगाकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं, परन्तु माँग की क्षमता से अत्यधिक लोड के कारण लगे 100 K.V.A. ट्रांसफॉर्मर खराब होते जा रहा है, जिससे विद्युत् आपूर्ति में रूकावट पैदा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के सभी गाँव में पूर्व में लगे 100 K.V.A. के अतिरिक्त दूसरा 100 K.V.A. का ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

महिला चिकित्सक का पदस्थापन

*1079. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के योगापट्टी और लौरिया दोनों ही स्थानों के प्रखण्ड अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं होने से महिला मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त दोनों ही प्रखण्ड अस्पताल में महिला चिकित्सक उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संसाधन मुहैया कराना

*1080. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड विक्रमगंज के धनगाई में अनुमण्डल अस्पताल अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमण्डल अस्पताल में डॉक्टर की कमी, जाँच, उपकरण का अभाव तथा अस्पताल का बाउण्ड्रीवाल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमण्डल अस्पताल, विक्रमगंज (धनगाई) को उपर्युक्त संसाधन को मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार लगाना

*1081. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड में सरैया नरेन्द्र के अहीर टोला एवं ग्राम-नचना में बिजली का तार अत्यन्त जर्जर स्थिति में है जो कभी भी टूट सकता है, जिसके कारण आम ग्रामीणों में भय का वातावरण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कबतक जर्जर तार हटाकर बिजली का नया तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना

*1082. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत जी० एम० सी०, बेतिया में आपातकाल में पहुँचने के साथ ही मरीजों को मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) या पी० एम० सी० एच०, पटना के लिये बगैर प्राथमिक उपचार किये रेफर कर दिया जाता है जिसके कारण मरीज गंतव्य स्थान वाले अस्पताल में पहुँचने से पूर्व ही दम तोड़ देते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार जी० एम० सी०, बेतिया में आपातकालीन पहुँचने वाले मरीजों की बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वा० केन्द्र को चालू कराना

*1083. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्डान्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भीसवा एवं गोरहारी नेपाल सीमा से सटा हुआ है, जिसमें चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी पदस्थापित नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी पदस्थापित कर स्वास्थ्य केन्द्र को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*1084. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के अररिया बस्ती पंचायत के जैवाद, पिता-जहीरउद्दीन, साकिन-रंगदाहा, पोस्ट-बैरगाछी, थाना-बैरगाछी ओ० पी०, जिला-अररिया एवं कुद्दुस, पिता-मौला बक्स, साकिन-माधोपारा, पोस्ट-बैरगाछी, थाना-बैरगाछी ओ० पी०, जिला-अररिया का सड़क दुर्घटना में ट्रक के ठोकर से सामूहिक मृत्यु दिनांक 10 मई, 2015 को काकन, प्रखण्ड-जोकीहाट, जिला-अररिया में हो गया;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित मृतक के आश्रितों को अबतक सरकारी मुआवजा की राशि नहीं मिली है, जिससे आश्रितों को अपना जीवन यापन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त मृतकों के आश्रितों को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) एवं (2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) जिला पदाधिकारी, अररिया के प्रतिवेदनानुसार मृतकों के आश्रितों को उनके बचत खाता में अनुग्रह अनुदान की राशि (रु० 4.00-4.00 लाख) RTGS/NEFT के माध्यम से भेज दी गई है ।

---------

दंत चिकित्सा सेवा का लाभ देना

*1085. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दंत चिकित्सकों हेतु सेवा नियमावली की अधिसूचना सरकार द्वारा निर्गत की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप-केन्द्रों में अधिसूचना के अनुरूप दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत नहीं किया गया है, जिससे सामान्य नागरिक को दन्त चिकित्सा सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप-केन्द्रों में दन्त चिकित्सक का पद स्वीकृत कर दंत चिकित्सा सेवा का लाभ आम जनता को देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पावर सब-स्टेशन चालू कराना

*1086. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड के ग्राम-बैरिया में निर्माणाधीन 10×2 पावर सब-स्टेशन का कार्य 2018 में पूरा करना था, जो अभीतक अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन निर्मित नहीं होने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना

*1087. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजवंशी नगर, पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अस्पताल बच्चों एवं महिलाओं के लिये एक काफी उपयोगी अस्पताल है जहाँ बड़ी संख्या में लोग अपना इलाज करवाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने उपयोगी अस्पताल में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड जैसी चिकित्सा की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड जैसी चिकित्सा की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मत कराना

*1088. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड के बेलखारा और कलेर प्रखण्ड के कमता में स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मती करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति

*1089. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी विधान सभा में स्थित अनुमंडलीय अस्पताल, मसौढ़ी में सर्जरी के लिए महिला एवं पुरुष डॉक्टर नहीं रहने से वहाँ के आमजनों को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित अस्पताल में प्रसूति महिलाओं के लिए सर्जरी की व्यवस्था कराते हुए महिला एवं पुरुष डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति

*1090. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड बसंतपुर के बसंतपुर में रा0 चि0 है, इसमें एक ही नियमित डॉक्टर हैं, इसके अलावे प्रतिनियोजित दो डॉक्टर हैं, इसके चलते पीड़ितों के उपचार में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि रा0 चि0 एन0 एच0 73 एवं एन0 एच0 103 के सटे हुए हैं । इन दोनों एन0 एच0 पर प्रतिदिन घटना होती रहती है लेकिन उपचार के अभाव में जख्मी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्ड (1) और (2) के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस रा0 चि0 में नियमित एवं विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अस्पताल का निर्माण

*1091. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड में स्थित सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का 30 बेड वाले अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति 4 वर्ष पूर्व दी गई थी, लेकिन आजतक 30 बेड वोल अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को 30 बेड वाले अस्पताल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अनुग्रह अनुदान राशि देना

*1092. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्ड एवं भेजा थाना के अन्तर्गत ग्राम+पो0-रहुआ संग्राम निवासी श्री अमरजीत कुमार मंडल, उम्र 19 वर्ष, पिता का नाम श्री महाकान्त मंडल की सर्पदंश से वर्ष 2017 में मृत्यु हो गई थी परन्तु अभीतक मृतक के आश्रित को आपदा मद से देय अनुग्रह अनुदान उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को देय अनुग्रह अनुदान की राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*1093. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिन्द प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, जिसमें चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, वेनार-सकसोहरा पी० डब्लू० डी० सड़क पर रहने के कारण रोगियों के इलाज में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिन्द प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कबतक चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*1094. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड में अतिरिक्त पावर सब-स्टेशन स्वीकृत हुआ है जिसके लिए जमीन भी चिन्हित कर लिया गया है, लेकिन अभीतक कार्य में कोई प्रगति दिखाई नहीं पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतमक पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराकर आस-पास के विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि देना

*1095. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी प्रखण्ड के राजवाड़ा पंचायत एवं बोचहाँ प्रखण्ड के करमपुर दक्षिणी पंचायत में भयावह बाढ़ आई थी, जिसके कारण काफी क्षति हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाढ़ पीड़ित परिवार को बाढ़ सहायता राशि रु० 6,000 (छः हजार) रुपये एवं खाद्य पैकेट भी दी जानी थी, परन्तु उक्त पीड़ित परिजनों को 6,000 रुपये राशि एवं खाद्य पैकेट नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए उक्त बाढ़ पीड़ित परिवारों को उक्त राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पर्यटक स्थल घोषित करना

*1096. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखण्ड के शिउरा पंचायत में ''बाबा अमर सिंह'' के ऐतिहासिक मंदिर के दर्शन हेतु प्रत्येक वर्ष में दो बार लाखों की संख्या में अनेक राज्य से श्रद्धालु आते हैं एवं पूजा-अर्चना करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए कोई भी सुविधा नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करते हुए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की पदस्थापन

*1097. श्रीमती अरुणा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावाँ प्रखंड अन्तर्गत धमौल एक बाजार है जहाँ अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक नहीं रहने के कारण अस्पताल पूर्णतः बंद रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महिला चिकित्सक की पदस्थापना

*1098. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज एवं मदनपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर नहीं है । उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला डॉक्टर नहीं रहने से महिला रोगियों को इलाज में काफी कठिनाई होती है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मदनपुर में 1 महिला चिकित्सक एवं 1 दंत चिकित्सक (महिला) कार्यरत हैं ।

बिहार स्वास्थ्य सेवा अन्तर्गत 2,425 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 4,012 सामान्य चिकित्सक अर्थात 6437 चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु अधियाचना बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है । नियुक्ति होने के उपरान्त उपलब्धता के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की पदस्थापना आवश्यकतानुसार की जायेगी ।

---

बीस सूत्री कमिटी का गठन

'ख'-*1099. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में विगत दो वर्षों से बीस सूत्री कमिटी का गठन नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कमिटी का गठन नहीं होने से जिलास्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक भी तीन वर्षों से नहीं हो पा रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कमिटी का गठन नहीं होने से सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन जिला में प्रभावित हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में जिला एवं प्रखंड स्तर पर बीस सूत्री कमिटी का गठन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण

*1100. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के ग्राम-कचौड़ी एवं डोभी प्रखंड के ग्राम-कुरमामां में अतिरिक्त प्राथमिक उप-केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित स्थानों की आबादी 30 हजार से अधिक है तथा लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिये लगभग 5 किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी प्रखंड के ग्राम-कचौड़ी एवं डोभी प्रखंड के ग्राम-कुरमामां में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख' योजना एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग में स्थानान्तरित ।

कार्य पूरा कराना

*1101. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा अनुमंडल के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, परसौनी को कार्यान्वित करने के लिये बिहार मेडिकल सर्विसेज एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, पटना द्वारा ज्ञापांक BMIC/INFRA/37/217 , दिनांक 14 नवम्बर, 2017 द्वारा 28,17,423 रु0 की राशि संवेदक को प्रदान की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त कार्य संवेदक द्वारा अभीतक पूरा नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1102. श्री शाहनवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में स्थित रेफरल अस्पताल में 7 (सात) एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक का पद स्वीकृत है जिसमें से 2 चिकित्सक पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में 5 रिक्त चिकित्सकों को कबतक प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देना

*1103. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र कपछाही में चिकित्सक सहित चिकित्सा कर्मी प्रतिनियुक्त नहीं हैं जिसके कारण इलाज के अभाव में मरीजों की मृत्यु हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी के पदस्थापित करने तथा नये स्वास्थ्य उप-केन्द्र को उत्क्रमित कर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1104. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड लखनौर के बाढ़ प्रभावित पंचायत लखनौर, पश्चिमी, बलिया, उमरी एवं बेहट उत्तरी में आपदा विभाग से बाढ़ सुरक्षा केन्द्र का निर्माण किया गया है लेकिन कार्य अधूरा रहने के कारण आमलोगों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में अधूरे कार्य को पूरा कराते हुये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औषधालय चालू कराना

*1105. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड के जलैय गाँव में राजकीय यूनानी औषधालय भवनहीन, चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी के अभाव में पिछले ग्यारह वर्षों से बन्द पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त औषधालय का भवन निर्माण कराने एवं चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारियों का पदस्थापन कर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1106. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है औरंगाबाद मुख्यालय अवस्थित सदर अस्पताल में चिकित्सकों का सृजित पद 52 है, जबकि पदस्थापित चिकित्सकों की संख्या 7 है, जिसके कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चिकित्सकों को सृजित पदों की संख्या के अनुरूप पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि देना

'ग'-*1107. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर पंचायत के मदरसा टोला, लक्ष्मीपुर के अफजल हुसैन, पिता-नइमउद्दीन की मृत्यु दिनांक 22 मई, 2018 को बिजली के करंट लगने के कारण हो गई है लेकिन आजतक मृतक के आश्रित को आपदा का मुआवजा राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*1108. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्व एवं आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी अस्पताल परिसर में ए0 एन0 एम0 कॉलेज की स्थापना की गई है, चहारदीवारी नहीं रहने से कॉलेज की छात्राएँ भी असुरक्षित महसूस करती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अनुमंडल अस्पताल में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रज्जू मार्ग का निर्माण

*1109. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र सं0 224)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड में उमगा पहाड़ में माँ उमगेश्वरी मंदिर अवस्थित है । उक्त मंदिर की महिमा एवं गरिमा को प्रचारित करने के लिए प्रत्येक वर्ष उमगा महोत्सव मनाया जाता है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पर्यटक स्थल को बढ़ावा देने हेतु रज्जु मार्ग (Rope way) लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ग'--आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा ऊर्जा विभाग में स्थानान्तरित।

डॉक्टर की उपस्थिति

*1110. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 107 प्रकार की दवाइयाँ देने का प्रावधान है, जो मरीजों को दवा सही से नहीं मिल रहा है और डॉक्टरों की उपस्थिति नगण्य रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राजापाकर, सहदेई बुर्जुग एवं देसरी अस्पताल में मरीजों को दवा उपलब्ध कराने एवं डॉ० की नियमित उपस्थिति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल का जीर्णोद्धार करना

*1111. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल, भागलपुर अत्यंत जर्जर हो गया है, जिसके कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सदर अस्पताल का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1112. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनैली में आयुष चिकित्सक प्रतिनियुक्त हैं लेकिन एम० बी० बी० एस० चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है, जिसके कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनैली में एम० बी० बी० एस० चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1113. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक, शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं रहने के कारण महिलाओं को प्रसव एवं शिशु के इलाज में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीरपैंती रेफरल अस्पताल में उक्त चिकित्सकों को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा पदा० का स्थानान्तरण करना

*1114. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड गोरेयाकोठी के रा० चि० प्रभारी पद पर प्रभारी डॉ० सुबोध 15 साल से कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इनकी निजी क्लिनिक दिघवारा दिघौला में है । इसी निजी क्लिनिक में रोगी का उपचार करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रभारी चिकित्सक के अनुपस्थित रहने के कारण रा० चि०, गोरेयाकोठी मृतप्रायः हो गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभारी चिकित्सा पदा० की स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1115. श्री शाहनवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में दो चिकित्सक का पद स्वीकृत है, परन्तु कोई भी चिकित्सक एक वर्ष से किसी भी चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र बंद है जिसके कारण रोगियों का इलाज नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*1116. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को विभागीय संचिका संख्या 10/विविध-15.16/2014-882 (10), दिनांक 11 सितम्बर, 2017 के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परन्तु अभीतक उत्क्रमित स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, वर्णित उत्क्रमित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*1117. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाडा प्रखंड के कटका पंचायत अंतर्गत कटका टोले गोठ नवटोलिया गाँव के निवासी श्री किशोरी यादव के पत्नी इन्दु देवी (47 वर्ष) को दिनांक 17 अक्टूबर, 2017 को सिंहवाडा प्रखंड के घोरदौर चौक पर मोटर साईकिल की ठोकर से इलाज के दौरान दिनांक 27 अक्टूबर, 2017 को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस दुर्घटना में इन्दु देवी के साथ इनके नातील श्री धर्मेन्द्र यादव बुरी तरह घायल हो गये जिनका इलाज अभी भी दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है ;

(3) इस सम्बन्ध में सिंहवाड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है जिसका प्राथमिकी संख्या 235/18 है तथा अभीतक पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिला है

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफार्मर लगाना

*1118. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावाँ प्रखंड अन्तर्गत कुड़ेना गाँव में मात्र एक 63 के० भी० ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, जिसपर अत्यधिक लोड रहने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में 100 के० भी० ए० का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् उप-केन्द्र बनवाना

*1119. श्री राम विलास पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के बाराहाट से लगभग दस किलोमीटर की दूरी तक कोई भी विद्युत् उप-केन्द्र नहीं होने के कारण यहाँ के नागरिकों को अक्सर बिजली की समस्या से जुझना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखंड के बाराहाट में विद्युत् उप-केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*1120. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के भरवाड़ा पंचायत के भरवाड़ा गाँव के श्री मिथिलेश साह, पिता-श्री राम खेलावान साह तथा श्रीमती किरण देवी, पति श्री मिथिलेश साह की मौत सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी थाना स्थित हरपुरवा गाँव के पास दिनांक 29 मई, 2019 को सड़क दुर्घटना में हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सम्बन्ध में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी थाना में 163/19 प्राथमिकी दर्ज हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समान वेतन देना

*1121. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में आयुष चिकित्सक का मानदेय एलोपैथ चिकित्सक के वेतन के समान नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रकार के चिकित्सकों की योग्यता समान होने के बावजूद वेतन समान नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार चिकित्सकों के हित में आयुष चिकित्सकों को एलोपैथ चिकित्सक के मानदेय के बराबर का वेतन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*1122. डॉ० (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत आरा प्रखंड के दौलतपुर पंचायत के दौलपुर गाँव में मो० जहाँगीर का पुत्र समर आलम की मृत्यु दिनांक 15 जून, 2019 को लू लगने से हो गयी थी जिसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी, आरा को पत्रांक 551, दिनांक 17 जून, 2019 के माध्यम से भी दे दी गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित आपदा मुआवजा देना चाहेगी, नहीं, तो क्यों ?

ICU को चालू कराना

*1123. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सदर अस्पताल, मधेपुरा में सघन चिकित्सा कक्ष (ICU) का निर्माण 5 वर्ष पूर्व में किया गया है, परन्तु आजतक इसमें मरीजों की चिकित्सा शुरू नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में कबतक इसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियमित प्रोन्नति की तिथि घोषित करना

*1124. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग में तदर्थ प्रोन्नति एवं कार्यकारी प्रोन्नति देने तथा उसी तिथि से नियमित प्रोन्नति माने जाने की व्यवस्था 1980 से ही चली आ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉ० सूरज नायक, प्राध्यापक, पी० एम० एस० विभाग, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया को सह-प्राध्यापक के पद पर तदर्थ प्रोन्नति 1991 में तथा प्राध्यापक के पद पर कार्यकारी प्रोन्नति वर्ष 1996 में दी गयी, परन्तु उसी तिथि से नियमित प्रोन्नति से संबंधित अधिसूचना निर्गत नहीं हो पाने के कारण डॉ० सूरज नायक प्राचार्य बनने की अर्हता से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डॉ० सूरज नायक की तदर्थ एवं कार्यकारी प्रोन्नति की तिथि को नियमित प्रोन्नति की तिथि घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डॉक्टर एवं नर्स की नियुक्ति करना

*1125. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा गोपालगंज जिले के एन० एच० 28 पर झंझवाँ पकड़ी में सी० एच० सी० अस्पताल का निर्माण कराया गया है, जिसमें अबतक डॉक्टर, नर्स, स्टॉफ इत्यादि की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेशनल हाइवे पर होने के कारण यह अस्पताल L-3 स्तर की सुविधा योग्य है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को L-3 स्तर की सभी सुविधाओं से लैस करते हुये ट्रॉमा इलाज सहित नियमानुसार आवश्यक डॉक्टर, नर्स सहित अन्य स्टॉफ की नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*1126. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस के श्री किशुन सिंह, पिता स्व० रामचन्द्र सिंह, ग्राम-रामपुर एवं परशुराम सिंह, ग्राम-रामपुर की दिनांक 23 दिसम्बर, 2018 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक सरकार द्वारा मुआवजा की राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली की आपूर्ति करना

*1127. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के बड़हिया प्रखण्ड के ग्राम-प्रतापुर रजक टोला सहित आस-पास के टोला में दो वर्ष पूर्व ही बिजली का पोल लगा दिया गया है, किन्तु बिजली तार नहीं जोड़ा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर बिजली का तार लगाकर बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा एवं नौकरी देना

*1128. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखण्ड के फतेहपुर पंचायत के बेजपुरा गाँव में 11 हजार के० वी० का विद्युत् प्रवाहित पुराना जर्जर तार के गल कर गिर जाने के कारण उसकी चपेट में आने से तीन व्यक्तियों की क्रमशः अजीजुं रहमान, मो० आंसु तथा हबिबुं रहमान की मृत्यु 3 जून, 2019 को हो गयी थी, जो बलरामपुर थाना कांड संख्या 62/19, दिनांक 30 जून, 2019 दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग की लापरवाही व गलतियों के कारण तीन गरीबों की मौत होने से उनके परिजन भुखमरी के शिकार है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतकों के परिजनों को अभीतक ऊर्जा विभाग से कोई भी राशि मुआवजा के रूप में प्रदान नहीं की गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के परिजनों को मुआवजा तथा विभाग में एक-एक व्यक्ति की नौकरी देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*1129. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में स्थित सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण मवेशी अस्पताल परिसर में घुस जाते हैं और रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पार्क का निर्माण

*1130. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार प्रखण्ड स्थित उलार सूर्य मंदिर में धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होने के कारण पर्यटक एवं श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मंदिर के आस-पास पार्क निर्माण के लिये जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उलार सूर्य मंदिर की महत्ता को देखते हुये पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिये पार्क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र खोलना

*1131. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत, दियारा इलाका-अकिलपुर, छितरचक, रमसापुर, तिवारी टोला, गरीपट्टी, बरियारचक दियर, इधिया आदि एवं दीघा तथा दानापुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पानापुर, नकटा, नवदियरी, मानस बानार, हवसपुर, कासीमचक इत्यादि ग्रामों में मात्र एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अकिलपुर पंचायत के अकिलपुर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1132. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड के मदाईपुर ग्राम पंचायत के भीखनपुर मजार कटिहार सीमांचल क्षेत्र का प्रसिद्ध मजार है । उक्त मजार पर चादर चढ़ाने हेतु सीमांचल क्षेत्र के पर्यटक एवं पश्चिम बंगाल राज्य के पर्यटक आते हैं । पर्यटकों के लिये पर्यटकीय सुविधा नहीं होने से पर्यटकों को असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मजार पर पर्यटकीय सुविधा सहित पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती कराना

*1133. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनीगाछी के रेफरल अस्पताल तथा अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र सोनकी का भवन अति जर्जर होने के कारण मरीजों में भय की स्थति बनी रहती है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1134. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पटेढ़ी बेलसर प्रखंड के करनेजी पंचायत में स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र करनेजी में चिकित्सक ए० एन० एम० की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के करण वहाँ की आम जनता को इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंन्द्र में चिकित्सक ए० एन० एम० की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करना

*1135. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बड़हरा विधान सभा क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्र श्रीपालपुर एवं खवासपुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हरा में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी कार्य स्थल पर नहीं रहते हैं, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*1136. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के योगापट्टी और लौरिया दोनों ही प्रखण्डों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के परिसर की चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार दोनों ही प्रखण्डों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के परिसर की चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1137. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के अन्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखण्ड में पीरनगर पंचायत का मझुआँ गाँव प्रख्यात एवं लोकप्रिय संतमत विचारक बाबा महर्षि मेंही दास की जन्मस्थली है, जहाँ, राज्य तथा सम्पूर्ण देश से लाखों श्रद्धालु सत्संग हेतु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:
दिनांक 12 जुलाई, 2019 (ई०) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु०--36-(एल०ए०)--2019-20--D.T.P--550